भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1514 का उत्तर

पुडुचेरी में वंदे भारत ट्रेन का संचालन

1514. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पुडुचेरी को तिरुपति, तिरुनेलवेली, कोयम्बटूर, बंगलौर जैसे अन्य भागों से जोड़ने के लिए वंदे भारत ट्रेनें संचालित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या पुडुचेरी में वंदे भारत ट्रेन चलाने की संभावना का आकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): वर्तमान में, पुडुचेरी दो जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा तिरुपति, कोयम्बटूर और बैंगलुरू से जुड़ा हुआ है। इसी प्रकार, पुडुचेरी-तिरुनेलवेली क्षेत्र को एक जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही है। 24 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, समूची भारतीय रेल में 102 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं चल रही हैं, जिनमें 12 वंदे भारत सेवाएं बेंगलुरु को और 4 वंदे भारत सेवाएं कोयंबटूर को सेवित कर रही है, जबकि 2 वंदे भारत सेवाएं तिरुनेलवेली और तिरुपति प्रत्येक को सेवित करती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर वंदे भारत सेवाओं सहित नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****